प्रभात खबर

संझौली में डालडा के नाम और पैकेजिंग से जुड़ी सामग्री बरामद, गोदाम में छापेमारी से मचा हड़कंप



Sasaram News : अनुमंडल अंतर्गत संझौली थाना क्षेत्र के बाड़ी नहर पुल स्थित दर्शन टोला में एक गोदाम में छापेमारी के दौरान डालडा कंपनी के नाम और पैकेजिंग से जुड़ी बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की गयी है. बिक्रमगंज अनुमंडलाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई में करीब 300 पैक बोतल, लगभग 150 खाली बोतल, टीन में रखा सरसों तेल तथा डालडा कंपनी के सैकड़ों स्टीकर और रैपर बरामद किये गये हैं. कार्रवाई के बाद पूरे मामले को लेकर संझौली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/sasaram/dalda-mustard-oil-packaging-raid-sanjhauli